# 'विकसित भारत के निर्माण में बड़ा योगदान देगा यूपी'

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** वर्ष 2047 में विकसित भारत के निर्माण में यूपी सबसे बड़ा योगदान देने वाला राज्य बनेगा। यह बात शनिवार को नगर निकाय निदेशालय में 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' पर हुई कार्यशाला में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से यूपी विश्व के कई देशों से बड़ा राज्य है। इसके बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' पर हुई कार्यशाला में बोले नगर विकास मंत्री एके शर्मा



विकसित उत्तर प्रदेश का रोडमैप तैयार करने के लिए हुई इस कार्यशाला में नगर विकास मंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण में यूपी के शहरों का प्रदर्शन शानदार रहा। कान्हा गौ अभ्यारण्य एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, वायु गुणवत्ता प्रबंधन सहित कई योजनाओं में यूपी का प्रदर्शन बेहतर रहा है। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद ने कहा कि जीडीपी का 75% योगदान शहरी क्षेत्रों से है। कार्यशाला में प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, आवास आयुक्त बलकार सिंह, नीति आयोग की को-चेयरपर्सन और प्रोग्राम डायरेक्टर अन्ना रॉय सहित कई विशेषज्ञों ने विकसित यूपी के रोडमैप पर अपनी राय रखी।